शाहजहांपुर पुलिस

112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट – सराहनीय कार्य, दिनांक- 20.12.2024,

बण्डा पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व अन्य उपकरण, चोरी की बाइक सहित लूट की योजना बनाने वाले 03 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहांपुर के निर्देशानुसार श्रीमान पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदय के निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय पुवायां जनपद शाहजहांपुर के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान तलाश वांछित/वारन्टी अपराधी व रोकथाम अवैध शराब/शस्त्र बिक्री-निर्माण एवं चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन व रोकथाम जुर्म जरायम/गश्त के दौरान दिनाँक 20.12.2024 को थाना बण्डा पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

उ0नि0 गजराज सिंह मय हमराह हे0का0 147 आजाद निषाद, का0 731 जरनैल सिंह, का0 2323 रोहित यादव व का0 1950 पंकज कुमार मय वाहन सरकारी UP27G0397 मय चालक हे0का0 336 वेदप्रकाश के थाना क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि ददिउरी तिराहे पर तीन व्यक्ति अवैध तमंचा व चोरी करने के उपकरणो के साथ एक मोटर साईकिल के साथ खडे है और अपराध करने की फिराक में है यदि जल्दी की जाए तो पकडा जा सकता है। इस सूचना पर उ0नि0 गजराज सिंह मय हमराही कर्म0गण उपरोक्त द्वारा ददिउरी तिराहे के पास अभियुक्त गण **1. विशाल पुत्र राकेश निवासी ग्राम चांदूपुर पडरी थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 22 वर्ष, 2. सुधीर पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम चांदूपुर पडरी थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 21 वर्ष, 3. विनीत उर्फ मिंटू पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम चांदपुर पडरी थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 22 वर्ष को समय 02.11 बजे** गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व एक हथौडी लकडी का बेंटा लगा हुआ, एक नारंगी रंग का प्लास, एक लोहे की राड, एक काली रंग की टार्च नाजायज बरामद हुआ।

उपरोक्त माल बरामदगी के आधार पर नियमानुसार **मु0अ0सं0-772/2024 धारा 317(2)312/313/303(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट** पंजीकृत किया गया हैं। अभियुक्त उपरोक्त को विधिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। चूंकि अभियुक्तगण द्वारा मु0अ0सं0-705/2024 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित मोटर साइकिल को भी चोरी करना बताया है, जिस पर मुकदमा उक्त में नाम प्रकाश में लाया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- विशाल पुत्र राकेश निवासी ग्राम चांदूपुर पङरी थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर,
2- सुधीर पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम चांदूपुर पङरी थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर
3- विनीत उर्फ मिंटू पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम चांदूपुर पङरी थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर

अपराधिक विवरण का विवरण-

1- मु0अ0सं0-207/2023 धारा 60 आबकारी अधि0 बनाम सुधीर नि0 उपरोक्त, थाना बण्डा,
2- मु0अ0सं0-237/2021 धारा 60 आबकारी अधि0 बनाम सुधीर नि0 उपरोक्त, थाना बण्डा,
3- मु0अ0सं0-432/2022 धारा 60(2) आबकारी अधि0 बनाम सुधीर नि0 उपरोक्त, थाना बण्डा,
4- मु0अ0सं0-436/2022 धारा 60(2) आबकारी अधि0 बनाम सुधीर नि0 उपरोक्त, थाना बण्डा,
5- मु0अ0सं0-583/2020 धारा 60(2) आबकारी अधि0 बनाम सुधीर नि0 उपरोक्त, थाना बण्डा,
6- मु0अ0सं0-698/2022 धारा 60 आबकारी अधि0 बनाम सुधीर नि0 उपरोक्त, थाना बण्डा,
7- मु0अ0सं0-745/2021 धारा 60(2) आबकारी अधि0 बनाम सुधीर नि0 उपरोक्त, थाना बण्डा,
8- मु0अ0सं0- 705/2024 धारा 303(2) बीएनएस बनाम विशाल आदि 03 नफर नि0 उपरोक्त, थाना बण्डा,

पूछताछ विवरण

अभियुक्तगण उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि साहब, हम लोग आपस में मिलकर चोरी करते हैं और उससे जो पैसा आता है उसे आपस में बराबर बराबर बांट लेते हैं और कुछ दिन पूर्व बण्डा-खुटार रोड पर हम तीनो ने एक मोटर साईकिल को चुराया था। जिसको हम लोगो ने राह चलते अंजान व्यक्ति को बेंच दिया था। तथा उसे बेचकर जो रुपये मिले थे वह हम लोगो ने खर्च कर

दिये हैं। तथा जो मोटर साइकिल हम लोगो के पास से मिली थी उसे हम तीनो ने कुछ दिन पूर्व बण्डा में लगे मेले से चोरी किया था । पिछली दो रात से लगातार लूट की कोशिश कर रहे है लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली और आज लूट की योजना बना रहे थे कि पुलिस ने हम लोगो को पकड लिया ।

बरामदगी का विवरण-

1- एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर,

2- एक हथौडी लकडी का बेंटा लगा हुआ,

3- एक नारंगी रंग का प्लास,

4- एक लोहे की राड,

5- एक काली रंग की टार्च,

6- मोटर साइकिल रजि सं0 UP27AJ7307, चेचिस सं0 MBLHAR203H9H00574 , रंग सिल्वर,

गिरफ्तार करने वाली टीम

1- थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला, थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर,

2- उ0नि0 गजराज सिंह थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर,

3- हे0का0 147 आजाद निषाद थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर,

4- का0 731 जरनैल सिंह थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर,

5- का0 2323 रोहित यादव थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर,

6- का0 1950 पंकज कुमार थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर,

7- हे0का0 336 वेदप्रकाश थाना बण्डा जनपद शाहजहांपुर,